प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

19.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

## संसद सत्र विधेयक

अगले सप्ताह से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में केंद्र सरकार आपदा प्रबंधन अधिनियम में संशोधन सहित छह नए विधेयक पेश करेगी। सरकार ने वित्त विधेयक के अलावा नागरिक उड्डयन क्षेत्र में व्यापार को सुगम बनाने के उद्देश्य से 1934 के विमान अधिनियम को बदलने के लिए भारतीय वायुयान विधेयक 2024 को भी सूचीबद्ध किया है। लोकसभा सचिवालय द्वारा कल शाम जारी संसद बुलेटिन में विधेयकों की सूची प्रकाशित की गई है। संसद का मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा जो 12 अगस्त तक चलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को संसद में केंद्रीय बजट पेश करेंगी। सत्र के दौरान सूचीबद्ध अन्य विधेयकों में बॉयलर बिल शामिल है।

## भाजपा बैठक

ऊना में चल रही प्रदेश भाजपा कार्य समिति की बैठक का आज अंतिम दिन है। बैठक में कई राष्ट्रीय पार्टी के बड़े नेता मौजूद रहेंगे। केंद्रीय मंत्री व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटटर विशेष रूप से आज इस बैठक में शामिल होंगे। पहले दिन की बैठक कल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान विधानसभा के उपचुनाव व लोकसभा चुनाव में आए नतीजों पर मंथन किया गया। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## नीट यूजी

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी से नीट यूजी–2024 परिणााम के सभी परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम शनिवार दोपहर 12 बजे तक वेबसाइट पर डालने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चन्द्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे0 बी0 पारदीवाला व मनोज मिश्रा की पीठ ने उम्मीदवारों के नाम उजागर किए बिना शहर और केन्द्र–वार परिणाम प्रकाशित करने का निर्देश दिया। सर्वोच्च न्यायालय की पीठ, मेडिकल प्रवेश परीक्षा से जुड़ी लगभग 40 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। अगली सुनवाई सोमवार को होगी।

इस बीच नीट–यूजी प्रवेश परीक्षा पेपर लीक मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने कल एम्स, पटना के चार एम बी बी एस डॉक्टरों को हिरासत में ले लिया। सीबीआई ने इनके लैपटॉप और उनके कमरे सील कर दिए हैं। इन छात्रों से पूछताछ जारी है।

शपथ

प्रदेश विधानसभा के लिए हाल ही में हुए उपचुनावों में नवनिर्वाचित सदस्यों को 22 जुलाई को शपथ दिलाई जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया शिमला स्थित विधानसभा सदन में नवनिर्वाचित सदस्यों कमलेश ठाकुर, आशीष शर्मा और हरदीप सिंह बावा को विधानसभा सदस्य के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे।

मशाल यात्रा

भाजपा युवा मोर्चा 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रदेश के 68 विधानसभा क्षेत्रों में मशाल यात्रा निकालेगा। मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता व कारगिल विजय दिवस के संयोजक अजय चौहान ने बताया कि ये दिवस पूरे देश के लिए गर्व का दिन है और भाजपा इस दिन को देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता व अखण्डता के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मना रही है। अजय चौहान ने बताया कि भाजपा युवा मोर्चा हर विधानसभा क्षेत्र में मशाल रैलियों का आयोजन करेगा और 25 जुलाई की शाम से 26 जुलाई शाम तक 25 घंटे किसी प्रमुख स्थान या स्मारक पर विजय दीप प्रज्जवलित रहेगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में युद्ध के वीरों को सम्मानित करने के अलावा कारगिल विजय दिवस की प्रदर्शनी के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

## मौसम

राजधानी शिमला समेत प्रदेश के कुछ स्थानों पर बीती रात और आज सुबह हुई बारिश के बाद अभी मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि मॉनसून की धीमी रफतार के चलते मैदानी इलाकों में बढ़ती उमस लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। मौसम विभाग ने मानसून के एक बार फिर सक्रिय होने की उम्मीद जताई है। विभाग के अनुसार राज्य में आगामी तीन दिनों तक बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। ऐसे में प्रशासन ने लोगों से नदी–नालों और भू–स्खलन प्रभावित क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी है।

## और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..............

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री के दिल्ली दौरे से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** की सुर्खी हैं **सीएम ने नडडा से मेडिकल कॉलेजों के लिए मांगी मदद। दैनिक जागरण** के शब्द हैं **सुक्खू ने नडडा से बल्क ड्रग पार्क के लिए मांगा अतिरिक्त समय। दैनिक सवेरा टाइम्स** व हिमाचल दस्तक का एक जैसा शीर्षक है **बल्क ड्रग फार्मा पार्क के लिए अतिरिक्त मदद मुहैया करवाए केंद्र सरकार। पंजाब केसरी** के अनुसार **दिल्ली में प्रियंका गांधी से मिले सी एम सुक्खू।**

**अमर उजाला** ने प्रदेश हाईकोर्ट के हवाले से लिखा है **हिमाचल सरकार को अडाणी को नहीं देने होंगे 280 करोड़।**

**भानुपल्ली–बिलासपुर–बेरी नई ब्रॉडगेज रेललाइन के लिए जारी भू–अधिग्रहण की अधिसूचना रदद दिव्य हिमाचल** की एक खबर है।

मौसम की खबर को **दैनिक भास्कर** ने शीर्षक दिया है **पहाड़ बारिश को तरसे, जुलाई में 90 प्रतिशत कम बारिश, कृषि–बागवानी पर संकट।**

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। नमस्कार